प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 24.07.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने की उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा, रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, राजस्व में वृद्धि और अवैध कारोबार पर लगाम लगाने का निर्देश।
- राज्य के महाधिवक्ता रोहिताश्य रॉय ने विधि पोर्टल 2.0 का किया शुभारंभ, सरकारी मुकदमों के डिजिटल प्रबंधन को मिलेगी नई रफ्तार।
- राज्य में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर राज्य सरकार का विशेष जोर, उच्चस्तरीय बैठक में सात सौ बीस नई एंबुलेंस खरीदने का निर्णय।
- पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने दुमका में श्रावणी मेले की तैयारियों की समीक्षा, कहा–श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्राथमिकता, अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती।
- रांची में डूरंड कप की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप, मुख्यमंत्री छब्बीस जुलाई को करेंगे रांची लीग चरण का उदघाटन।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन योजना को भी मंजूरी दी है। इस योजना के लिए कुल 33 करोड़ रुपये का वित्तीय आवंटन किया जाएगा। इन पार्कों का चयन राज्यों के प्रदर्शन और पहल के आधार पर चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे की कई योजनाओं को मंजूरी दी गयी है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को उत्पाद विभाग में रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति पूरी करने का निर्देश दिया। श्री सोरेन ने राज्य बीवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड का दायरा बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व बढ़ाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग कर ठोस योजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अवैध शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई समेत कई अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।

*****************

राज्य सरकार ने सरकारी न्यायालयी प्रकरणों के समग्र और प्रभावी डिजिटल प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज विधि पोर्टल 2.0 का शुभारंभ किया। महाधिवक्ता रोहिताश्य रॉय ने इस पोर्टल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पोर्टल राज्य में मुकदमों के बेहतर प्रबंधन और न्यायालयों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पोर्टल आधुनिक तकनीक के माध्यम से सरकारी मुकदमों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, दक्ष और जवाबदेह बनाने में मदद करेगा।

*****************

राज्य में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार ने 720 नई एंबुलेंस खरीदने का निर्णय लिया है। इनमें एडवांस लाइफ सपोर्ट, बेसिक लाइफ सपोर्ट और पेशेंट ट्रांसपोर्ट व्हीकल शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज रांची में हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में एंबुलेंस खरीद, संचालन और निविदा प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। इस मौके पर श्री सिंह ने अधिकारियों को नई एंबुलेंस की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया एक महीने में पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि इन्हें जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जा सके।

*****************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य जमाल अहमद को पद मुक्त कर उनके द्वारा अर्जित आय से अधिक संपत्ति की जांच एसीबी से कराने की मांग की है। श्री मरांडी ने जाँच प्रभावित होने की आशंका जताते हुए जमाल अहमद को जल्द पदमुक्त करने की भी मांग की है।

*****************

बोकारो ट्रेजरी से अवैध निकासी मामले के मुख्य आरोपी कौशल कुमार पांडे की जमानत याचिका पर सीआईडी की विशेष अदालत में आज सुनवाई पूरी हो गई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित लिया और 27 जुलाई को अपना आदेश सुनाएगा। यह मामला बोकारो ट्रेजरी से 11 करोड़ रूप्ये की अवैध निकासी से जुड़ा है।

*****************

पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने आज उपराजधानी दुमका में संताल परगना प्रक्षेत्र में अपराध नियंत्रण, विधि–व्यवस्था तथा श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि श्रावणी मेले के दौरान एआईका इस्तेमाल किया जाएगा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि श्रावणी मेले को देखते हुए देवघर और दुमका में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

*****************

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में रामगढ़ जिले को राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला घोषित किया गया है। वर्ष 2026 की पहली तिमाही में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिए जिले को यह सम्मान मिला है। इस उपलब्धि पर जिले के उपायुक्त ऋतुराज ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

*****************

गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आज सिद्धो–कान्हो कृषि और वनोपज जिला सहकारी संघ की वार्षिक बैठक हुई। बैठक में जिला वन पदाधिकारी मनीष दुबे समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर जिला वन पदाधिकारी ने बताया कि किसानों को अधिक से अधिक वनोंपज का लाभ मिले इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

*****************

राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में पहली बार आयोजित डूरंड कप को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। स्टेडियम में रंग–रोगन और दर्शकों के बैठने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इधर रांची के एसडीएम कुमार रजत और यातायात पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने आज स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन की तरफ से हर एंट्री और एग्जिट गेट पर पुलिस जवान मुस्तैद रहेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन डूरंड कप के रांची संस्करण का उदघाटन 26 जुलाई को करेंगे।

*****************

रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आगामी तीस जुलाई तक गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान आंधी और वज्रपात की भी आशंका है, जिसे लेकर चेतावनी जारी की गयी है।

**********समाप्त***********